भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH
Serving the nation since 1911

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

वी. रामलिंगस्वामी भवन, पोस्ट बॉक्स नंबर-4911
अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029, भारत
+91-11-26588895, 26588980, 26589794

V. Ramalingaswami Bhawan, PO Box No-4911
Ansari Nagar, New Delhi-110029, IndiaTel:
Fax: +91-11-26588662, icmr.nic.in

फा. सं. 20/1/2001-हिन्दी
दिनांक : 27.09.2021
08.10.21

सेवा में,

निदेशक / निदेशक प्रभारी,
परिषद के सभी स्थाई संस्थान / केन्द्र

विषय : 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के अवसर पर मंत्रिमंडल सचिव का संदेश ।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषय पर 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के अवसर पर मंत्रिमंडल सचिव के संदेश की एक प्रति आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजने का निदेश हुआ है ।

अनुरोध है कि इस संदेश को कार्यालय के प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी की जानकारी में लाया जाए।

भवदीय,
08/10/21
(केश राज मीना)
सहा. निदेशक (रा.भा.)
कृते निदेशक

अनुलग्नक : यथोक्त

प्रतिलिपि : डॉ. एल.के. शर्मा, वैज्ञानिक 'ई', आईएसआरएम प्रभाग, परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली : परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।

ई-11017/01/2021-हिंदी

भारत सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय

राष्ट्रपति भवन

******

Secretary (DHR) Office
FTS No. 23322413
Date : 14/9/2021

नई दिल्ली, दिनांक 09 सितम्बर, 2021

विषय: 14 सितम्बर को हिंदी दिवस के अवसर पर मंत्रिमंडल सचिव का संदेश।

अधोहस्ताक्षरी को 14 सितम्बर को हिंदी दिवस के अवसर पर मंत्रिमंडल सचिव के संदेश की एक प्रति आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजने का निदेश हुआ है।

सर्वेश आर्य

(सर्वेश कुमार आर्य)

निदेशक (प्रशासन)

JS(GN) / JS(AN) / DDG (Admn) / ICMR

दूरभाष: 23018467

सेवा में,

श्री बलराम भार्गव,
सचिव,
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग,
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
निर्माण भवन, नई दिल्ली

21/9/21

स. नि (रा. भा)

23/9

DDG(A)

हिन्दी अनुभाग
डायरी संख्या/121/2021-22
भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
(24/9/2021)

राजीव गौबा
Rajiv Gauba

सत्यमेव जयते

मंत्रिमंडल सचिव
भारत सरकार
CABINET SECRETARY
GOVERNMENT OF INDIA

संदेश

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर मेरी ओर से शुभकामनाएं।

विविधता में एकता को संजोए हमारे देश भारत में अनेक भाषाएँ और बोलियाँ हैं। हमारी सभी भाषाओं का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है और साहित्य की दृष्टि से ये सभी बहुत सम्पन्न हैं। किन्तु भारत जैसे विशाल लोकतान्त्रिक देश में सरकार और जनता के बीच एक संपर्क भाषा की आवश्यकता को देखते हुए अधिकांश देशवासियों द्वारा समझी और बोली जाने वाली हिंदी भाषा को 14 सितम्बर, 1949 को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया और तभी से प्रत्येक वर्ष यह दिन "हिंदी दिवस" के रूप में मनाया जाता है।

आज हिंदी अपनी सहजता और सरलता के गुणों के कारण न केवल देशभर मे हर क्षेत्र में बल्कि विश्व पटल पर भी अपनी उपस्थिति प्रभावशाली ढंग से दर्ज करा रही है। कला, साहित्य, वाणिज्य और व्यापार के बाद अब विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी यह आगे बढ़ रही है। सरकार की नीतियाँ और कार्यक्रम जब जनता की भाषा में आमजन तक पहुँचते है तब वे और भी ज्यादा सार्थक और सफल होते हैं। सरकारी काम-काज में भी हिंदी के प्रयोग में यद्यपि निरंतर सुधार हो रहा है, किन्तु इसमें और सुधार करने की जरूरत है। सरकारी कार्यालयों में सभी उच्च अधिकारी इसके लिए अनुकूल वातावरण बनाएँ और सभी अधिकारियों को फाइलों पर टिप्पण, मसौदा तथा पत्राचार मूल रूप से सरल और सहज हिंदी में करने के लिए प्रेरित करें।

आइए, "हिंदी दिवस" के इस अवसर पर राजभाषा हिंदी के प्रति अपने संवैधानिक दायित्व एवं प्रतिबद्धता को दोहराएँ और संकल्प लें कि सरकारी कामकाज में सरल, सहज हिंदी का प्रयोग बढ़ाएँगे और अपने सहकर्मी अधिकारियों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करेंगे।

जय हिन्द !

(राजीव गौबा)

Cabinet Secretariat, Rashtrapati Bhavan, New Delhi-110004
Tel: 011-23016696, 23011241 Fax: 011-23018638 E-mail: cabinetsy@nic.in